शिक्षक प्रशिक्षण का अभ्यास सत्र

शिक्षक को पुरस्कृत करते सचिव जागरण

जासं, समस्तीपुर : मौलाना मज़हरुल हक़ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मथुरापुर , समस्तीपुर के छात्र -छात्राओं का प्रशिक्षण अभ्यास का 40 दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार को मिल्लत एकेडेमी एवं मॉडल इण्टर कॉलेज में संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इसमें सभी प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। इसे संबोधित करते हुए सचिव अबू तमीम ने कहा कि जब आप शिक्षक बनकर समाज में आएं तो शिक्षण के इस पुनीत कार्य को ईमानदारी पूर्वक निभाएं ताकि बच्चे आपको आदर्श समझें। उन्होंने दोनों विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों तथा शिक्षकेतर कर्मियों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। मिल्लत एकेडेमी के प्रभारी प्रधानाचार्य आफाक अहमद खान एवं मिल्लत कस्तूरवा गांधी महिला इण्टर कॉलेज के प्राचार्य मो. रुस्तम अली एवं मॉडल इंटर कॉलेज के प्राचार्य पदमाकर बाबू ने भी प्रशिक्षुओं को भविष्य में कुशल शिक्षक बनने की दुआएं दी। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर सांस्कृतिकं कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसमें चयनित छात्रों को सचिव अबु तमीम ने नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। निदेशक अबु सईद ने कहा की शिक्षण का पेशा अपनाना परम पुनीत कार्य है। हमें इसे तन्मयता से पूरा करना चाहिए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ संजय कुमार, आचार्य डा. अली हसन अंसारी, डा. अर्चना, डा. आभा, अशोक कुमार अकेला, रंजन कुमार, अवधेश कुमार रॉय, पल्लव कुमार पारस, राम शंकर राय आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।